राजस्थान पत्रिका
यपुर . शुक्रवार
19.12.2011



state
न्यूज कैप्सूल



**प्रस्तुति** सुखाड़िया विवि की मेजबानी में चल रहे 27वें वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल के दौरान गुरुवार को शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में मणिपुरी नृत्य की प्रस्तुति देती वनस्थली विद्यापीठ की प्रतिभागी।

# यूथ फेस्टिवल में हुई कई प्रतियोगिताएं

■ रंगारंग समापन आज

उदयपुर. सुखाड़िया विश्वविद्यालय, भारतीय विवि संगठन, नई दिल्ली एवं खेलकूद एवं युवा मामलात मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित 27वें यूथ फेस्टिवल में गुरुवार को डिबेट, क्लासिकल डांस, गजल, स्किट, लाइट वोकल, रंगोली, स्पॉट फोटोग्राफी व गेस्ट परफॉर्मेंस प्रतियोगिताएं हुईं। फेस्टिवल का समापन शुक्रवार को होगा। आयोजन सचिव एम.एस. राठौड़ ने बताया कि समापन समारोह के दौरान पुरस्कार वितरण होगा एवं चैम्पियनशिप दी जाएगी। कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे विवि सभागार में होगा। मुख्य अतिथि जनजाति विकास एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय होंगे।